दिनांक 8 अप्रैल 2022

श्रमिक बस्ती में पेयजल समस्या के समाधान के लिए ग्राउंड लेवल पर उतरा निगम प्रशासन, महापौर नीरज पाल का फैसला व आयुक्त की मेहनत अब धरातल पर दिखने लगी

भिलाई। निगम क्षेत्र में रोज सुबह एक घंटा विद्युत प्रवाह बंद किए जाने का अनुकूल असर अब दिखने लगा है। इससे शहर के सभी जोन के वार्डों के नलों में प्रेशर बढ़ा है और अंतिम छोर के नलों से भरपूर पानी की आपूर्ति हो रही है। महापौर नीरज पाल के निर्देश के बाद आयुक्त प्रकाश सर्वे व उनकी टीम की मेहनत धरातल पर कारगार साबित होने लगी है। भीषण गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए भिलाई निगम प्रशासन ने अभी से कमर कस लिया है और इसके लिए पूर्ण रूप से अपनी सक्रियता बढ़ा दिया है। महापौर नीरज पाल ने गर्मी के दिनों में वार्डों में पेयजल का संकट न हो, हर परिवार को पर्याप्त पानी मिले। जलापूर्ति के समय कोई टुल्लू पंपों का उपयोग न कर सके। इसके लिए लोगों की मांग एवं जल कार्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सुबह एक घंटा विद्युत प्रवाह बंद कराने का निर्देश दिया था, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके। झुग्गी बस्तियों के घरों में पानी लेन के लिए लोग टुल्लू पंप का उपयोग कर पाइपलाइन से पानी खींच ले रहे थे। इससे आसपास व अंतिम छोर के घरों तक नलों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इसकी लगातार शिकायत वार्ड के लोगों से मिल रही थी। महापौर नीरज पाल के निर्देश और जन शिकायतों का निराकरण करने आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज सुबह मॉर्निंग विजिट में जोन 3 के सुंदर नगर वार्ड क्रमांक 32 के श्रमिक बस्तियों में सुबह 6 बजे पेयजल आपूर्ति का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान बस्ती के लोगों से उन्होंने चर्चा की। वार्ड की महिलाओं ने बताया कि जगह-जगह बीएसपी द्वारा बिछाई पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। आयुक्त सर्वे ने मोहल्ले वासियों को आश्वस्त किया कि अमृत मिशन फेस-दो के तहत पाइपलाइन बिछाने की कार्ययोजना बनाई गई है, शीघ्र विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर इस पर काम किया जाएगा। आयुक्त ने जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किया कि टुल्लू पंप का उपयोग न हो, इसकी लगातार निगरानी करते रहे। वहीं सफाई निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे को वार्ड में बिखरे कूड़े-कचरों व नालियों की सतत सफाई करवाने कहा। जोन आयुक्त को जिन स्थानों पर पानी नहीं पहुंच रहा है, वहां टैंकरों से भी पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन 3 आयुक्त येशा लहरे, सब इंजीनियर कृष्ण कुमार जंघेल, निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे, बबलू राम साहू, श्याम ठाकुर व वेंकट आदि कर्मचारी भी मौजूद थे। जोन 4 क्षेत्र के सेक्टर 11 बालाजी नगर, सुभाष नगर, बापू नगर, सोनिया नगर व गौतम नगर में लो प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा था। अब एक घंटा विद्युत कटौती होने के बाद सभी के घरों तक पर्याप्त पानी पहुंच पा रहा है। उल्लेखनीय है कि जलापूर्ति के समय अधिकतर लोगों द्वारा टुल्लू पंप से पानी खींच लिया जाता था। इससे पाइप लाइन के अंतिम कनेक्शन वालों नलों में पानी नहीं पहुंच पाता था, परंतु एक घंटे विद्युत कटौती के कारण अब अंतिम छोर के घरों में भी पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचने लगा है।